राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

मनासा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, मनासा द्वारा राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि यशवंत राठौर, विशेष अथिति विनोद सिरोही, नगर अध्यक्ष सुलेखा बाहेती एवं नगर मंत्री कार्तिक गुजराती द्वारा दीप प्रज्जलन एवं परिषद गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष सुलेखा बाहेती ने स्वागत भाषण देते हुए परिषद के कार्यों एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात विभाग संगठन मंत्री विनोद सिरोही ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास एवं छात्र हित के विषयों पर प्रेरित किया। मुख्य अतिथि यशवंत राठौर ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर 10 वी एवं 12वी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों का प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। विद्यार्थियों ने सम्मान प्राप्त कर हर्ष व्यक्त किया तथा परिषद के इस प्रयास की सराहना की। सम्पूर्ण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन भाग संयोजक शुभम ग्वाला ने किया एवं कार्यक्रम के अंत में नगर मंत्री कार्तिक गुजराती ने आभार व्यक्त किया। समापन पूर्ण वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ राष्ट्रभक्ति के वातावरण में हुआ।

यातायात सूबेदार सोनू बडगुर्जर को मिली नई जिम्मेदारी

नीमच। नीमच शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने, आमजन के बीच सकारात्मक कार्यशैली और कर्तव्यनिष्ठ सेवाओं के लिए पहचान बनाने वाली यातायात प्रभारी सूबेदार सोनू बडगुर्जर को राज्य शासन द्वारा रक्षित निरीक्षक (आरआई) पद पर पदोन्नत किया गया है। सोनू बडगुर्जर ने अपने कार्यकाल में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने, सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने तथा आमजन से संवाद स्थापित कर पुलिस की सकारात्मक छवि बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी सक्रिय, कर्मठ और जुझारू कार्यशैली के कारण वे पुलिस विभाग के साथ-साथ शहरवासियों के बीच भी विशेष पहचान रखती हैं। पदोन्नति के अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता अग्रवाल ने उन्हें स्टार लगाकर सम्मानित किया तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पुलिस जनसुनवाई में 65 शिकायतों पर सुनवाई, अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश

रतलाम। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय रतलाम में जनसुनवाई आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए 65 आवेदकों की शिकायतें गंभीरता से सुनी गईं।

जनसुनवाई के दौरान एसपी ने संबंधित थाना प्रभारियों से लंबित प्रकरणों की जानकारी ली तथा नई शिकायतों पर शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई कर संतोषजनक निराकरण के निर्देश दिए। पूर्व में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) विवेक कुमार लाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राकेश पन्द्रो ने भी लंबित मामलों का जल्द निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी अमित कुमार ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का गंभीरता से निराकरण किया जाए तथा की गई कार्रवाई से उन्हें समय पर अवगत कराया जाए। जनसुनवाई में निरीक्षक गायत्री सोनी, रेखा चौधरी, उप निरीक्षक राजश्री सिसोदिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन ने बताया कि आमजन की शिकायतों के समयबद्ध एवं पारदर्शी समाधान के लिए जनसुनवाई की प्रक्रिया नियमित रूप से जारी रहेगी।

परिवार के साथ आनंद के क्षण बिताना सबसे बड़ा सुख है : डीएसपी यातायात सोनी

संस्था परस्पर द्वारा पारिवारिक सभा का आयोजन

रतलाम। जीवन की भागदौड़ और जवाबदारियों के बीच परिवार के लिए समय निकालना बहुत मुश्किल कार्य होता है बड़े परिवारों का टूटना और छोटे परिवारों का अपने आप तक सीमित रहना समाज की सबसे बड़ी विकृति बन गई है इसका प्रभाव परिवारों के साथ-साथ पूरे समाज पर पड़ रहा है।

जिसके परिणाम भी बड़े घातक होते जा रहे हैं उत्कृष्ट संस्कारों के अभाव में और रिश्ते की पवित्रता का ज्ञान न होने से बलात्कार हत्या जैसे अपराध निरंतर बढ़ते जा रहे हैं। उपरोक्त विचार संस्था परस्पर द्वारा अग्रसेन वाटिका में आयोजित वार्षिक पारिवारिक सभा में उपस्थिति संस्था सदस्यों के परिजनों को संबोधित करते हुए डीएसपी यातायात श्री आनंद सोनी ने व्यक्त किये। आपने कहा कि हम कहीं भी कार्य करें शासकीय सेवा में हो व्यापारी हो या कोई निजी कार्य करते हो परिवार के लिए हमें भरपूर समय देना चाहिए हम सब कुछ अपने परिवार को चलाने के लिए करते हैं। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी श्रीमती गायत्री सोनी ने कहा कि मुझे यहां आकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है छोटे-छोटे बच्चों से लेकर वृद्ध दादा दादी माता-पिता सब जीवन की व्यस्तता से कुछ समय निकालकर हास्य विनोद और आनंद का अनुभव कर रहे हैं एक दूसरे से मिलजुल कर रहना भी समाज के लिए अत्यंत जरूरी है आपस में सौहार्द प्रेम और विश्वास ऐसे पारिवारिक मिलन समारोह से बढ़ता है आप दोनों ने संस्था की गतिविधियों की सराहना करते हुए शुभकामनाएं व्यक्त की। आरंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सरस्वती वंदना चहेती राखेचा ने प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत सर्वश्री अभय लोढ़ा, पारस नागोरी, चंदन राठौर, अमित डांगी, मनीष बोहरा, शैलेंद्र व्यास, कमलेश पालीवाल, राजेश जोशी, नीलेश शुक्ला, मनीष जोशी, एमके जैन, जगदीश सोनी, सोनू व्यास, रजनीश शर्मा, शैलेंद्र सोलंकी, ललित कटारिया, अभिसार हाडा, पंकज राठी, सपना राखेचा, लीना अग्रवाल, सरिता राठौर, ओम प्रकाश पोरवाल, दशरथ पोरवाल, रमेश पोरवाल, मनीष शर्मा, राजेंद्र कसेरा आदि ने किया। इस अवसर पर बच्चों ने महिलाओं ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर आकर्षक इनाम जीते विभिन्न शैक्षणिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को अतिथियों ने सम्मानित किया। अंत में संस्था पदाधिकारियों ने दोनों अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया संचालन दिनेश शर्मा तथा आभार सचिन गेलडा ने व्यक्त किया।

मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, सेन समाज विकास समिति ने किया प्रोत्साहित

मनासा। सेन समाज विकास समिति मनासा द्वारा बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थानीय श्री रघुनाथ मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को सम्मान-पत्र एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समिति के तत्वाधान में आयोजित इस समारोह में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में कु. कुमकुम बोराना 93 प्रतिशत को 11,000 रूपए, कु. विधि खींची 76 प्रतिशत को 5,100 रूपए तथा रचित राठौर 80 प्रतिशत को 500 रूपए की प्रोत्साहन राशि दी गई। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी पूर्व जिला

अध्यक्ष दीपक गेहलोत जिला संयोजक मांगीलाल राठौड़ एवं जिला सचिव दिनेश राठौड़ बचत समिति के कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल गेहलोत मोहनलाल कच्छावा सूरजमल राठौड़ तहसील अध्यक्ष दशरथ सेन नगर अध्यक्ष जगदीश बोराना रामप्रसाद गेहलोत घनश्याम परिहार धर्मशाला निर्माण समिति अध्यक्ष प्रहलाद खींची गोपाल बोराना लालाजी बोराना ,मनोज बोराना एवं समाज के गणमान्यजन उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत से न केवल परिवार बल्कि पूरे सेन समाज का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण साधन है। समिति ने बताया कि हर वर्ष मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने की परंपरा के तहत यह आयोजन किया जाता है, जिससे बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़े।

पांच हजार रुपये के इनामी मादक पदार्थ तस्कर को पुलिस ने धर दबोचा

नीमच। जिले में मादक पदार्थों की तस्करी और फरार आरोपियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मनासा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस चौकी कंजार्डा की टीम ने वर्ष 2023 के एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता अग्रवाल एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मनासा शाबेरा अंसारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक निलेश अवस्थी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सुरेश पिता रामलाल जाट (51 वर्ष), निवासी सरवानिया महाराज को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार थाना मनासा में दर्ज अपराध क्रमांक 471/11.10.2023 में आरोपी के विरुद्ध धारा 8/15, 25 एवं 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अवैध डोडाचूरा तस्करी का मामला दर्ज था। घटना के बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक निलेश अवस्थी, उपनिरीक्षक एवं चौकी प्रभारी कंजार्डा श्याम कुमावत, आरक्षक कृष्णपाल सिंह, आरक्षक मोहन प्रकाश परमार तथा आरक्षक चालक ईश्वर चौहान की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन शिविर में 15 शिकायतों का समाधान, 53 आवेदकों की समस्याएं सुनीं

नीमच। पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास के नेतृत्व में मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम नीमच के सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई, शिकायत निवारण एवं सीएम हेल्पलाइन शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में सीएम हेल्पलाइन की 15 शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर उनका निराकरण कराया गया, वहीं जनसुनवाई में पहुंचे लगभग 53 आवेदकों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। यह शिविर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, उज्जैन जोन के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों एवं आमजन की समस्याओं का शीघ्र एवं प्रभावी समाधान करना था। शिविर के दौरान फरियादियों ने पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास के समक्ष अपनी शिकायतें एवं समस्याएं रखीं। एसपी व्यास ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को निष्पक्ष एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन की लेवल-1, लेवल-2 एवं लेवल-3 की कुल 15 शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया गया। जनसुनवाई में भूमि विवाद, पुलिस कार्रवाई, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं सहित विभिन्न विषयों से जुड़े मामलों पर सुनवाई की गई। एसपी श्री व्यास ने सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि आवेदनों का समय पर, पारदर्शी एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करें तथा समय-समय पर थाना स्तर पर भी जन शिकायत निवारण शिविर आयोजित कर आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान करें। शिविर में नगर पुलिस अधीक्षक नीमच किरण चौहान, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावद हर्ष राठौर, उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा निकिता सिंह, जिले के सभी थाना प्रभारी, शाखा प्रभारी एवं बड़ी संख्या में फरियादी एवं आवेदक उपस्थित रहे।

पेड़ हमारे पर्यावरण के फेफड़े हैं, जो हमे जीवदायिनी ऑक्सीजन देते हैं : महापौर

रतलाम। रतलाम नगर को ग्रीन रतलाम-क्लीन रतलाम बनाने हेतु अमृत हरित अभियान के तहत इस वर्षा ऋतु में वृहद पौधा रोपण किया जा रहा है जिसके तहत महापौर प्रहलाद पटेल ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती आयुषी सांकला, श्रीमती उमा डोई, महापौर परिषद सदस्य, पार्षद व नागरिकों के साथ रत्नेश्वर रोड हनुमान मंदिर की पीछे शिव बाग में विभिन्न प्रजातियों के पौधो का रोपण कर उन्हे सहेजने का संकल्प कॉलोनीवासियों को दिलाया। महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि पेड़ हमारे पर्यावरण के फेफड़े हैं, जो हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते हैं और तापमान को नियंत्रित करते है। इसके अलावा ये मिट्टी को बांधकर बाढ़ रोकते है, वन्यजीवों को आश्रय देते हैं और प्रदूषण को कम कर करके मानसिक शांति प्रदान करते है इस हेतु रतलाम का प्रत्येक नागरिक कम से कम एक-एक पौधा लगाकर उसे पेड़ बनायें।

सफलता की कहानी

कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के विशेष प्रयासों से 6 वर्षीय आराध्या को मिला नया आधार कार्ड

रतलाम। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक तक पहुँचाने के लिए कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशन में जनसुनवाई एवं जनकल्याण शिविरों के माध्यम से समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में छह वर्षीय बालिका आराध्या वसुनिया को लंबे समय से लंबित आधार कार्ड की समस्या से राहत मिली। रतलाम जिले के ग्राम रूपाखेड़ा निवासी आराध्या वसुनिया का एक वर्ष की आयु में दुर्घटनावश हाथ साइलेंसर से गंभीर रूप से जल गया था। हाथ की उंगलियों के निशान स्पष्ट नहीं होने के कारण उसका आधार कार्ड नहीं बन पा रहा था। परिवार ने कई बार प्रयास किए, लेकिन हर बार निराशा ही हाथ लगी। मामला जनकल्याण शिविर के दौरान सामने आने पर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उनके विशेष प्रयासों और सतत निगरानी के परिणामस्वरूप आराध्या का आधार कार्ड बन सका। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने स्वयं आराध्या और उसके परिवार को नवीन आधार कार्ड प्रदान किया। आधार कार्ड मिलने से परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन और कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। यह पहल दर्शाती है कि संवेदनशील प्रशासन, त्वरित निर्णय और प्रभावी समन्वय से आम नागरिकों की वर्षों पुरानी समस्याओं का भी सहज समाधान संभव है।

आजादी के 79 वर्ष बाद भी सड़क अभाव, जर्जर स्कूल में पढ़ने को मजबूर बच्चे; पीपलदा पठार के ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

नीमच । जिले की मनासा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पीपलदा पठार के ग्रामीण मंगलवार को अपनी वर्षों पुरानी समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे और कलेक्टर की जनसुनवाई में ज्ञापन सौंपकर गांव में पक्की सड़क एवं नए स्कूल भवन के निर्माण की मांग की।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि अगली जनसुनवाई तक दोनों मांगों पर कार्रवाई शुरू नहीं हुई तो कलेक्टर कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य आर. सागर कछावा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के 79 वर्ष बाद भी गांव तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क नहीं बन सकी है। बारिश के मौसम में रास्ता कीचड़ और पानी से भर जाता है, जिससे गांव का संपर्क आसपास के क्षेत्रों से कट जाता है। जिससे गंभीर मरीजों, गर्भवती महिलाओं और विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव का शासकीय स्कूल भवन भी पूरी तरह जर्जर हो चुका है। बच्चे खंडहरनुमा भवन में जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों से केवल आश्वासन ही मिल रहे हैं, लेकिन सड़क और स्कूल भवन की समस्या जस की तस बनी हुई है। जिला पंचायत सदस्य आर. सागर कछावा ने कहा कि यदि प्रशासन ने दोनों मांगों पर गंभीरता नहीं दिखाई और निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं की, तो अगली जनसुनवाई में पूरे गांव के ग्रामीणों के साथ कलेक्टर कार्यालय के बाहर धरना दिया जाएगा। इस दौरान पप्पूलाल दायमा, लक्ष्मण दायमा, गोपाल चावड़ा, नरसिंह भरावत, दलसिंह गौड़, बसंतीलाल धनगर, फोरूलाल भील, राधेश्याम भील, शंभूलाल भील, विजय सिंह ठाकुर, रामलाल दायमा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।